प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

15.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पर्यटन के बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में प्रतिबद्ध है। बिलासपुर ज़िले के औहर में कल एक नए पर्यटन परिसर के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए पर्यटन क्षेत्र को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है ताकि युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण 33 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से किया जाना है और आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण ये परिसर पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने पर्यटन परिसर को गोबिंद सागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके। इस पर्यटन परिसर का कार्य दो वर्ष के भीतर पूरा होने की संभावना है।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में होम स्टे के संचालन की अनुमति अब हिमाचल के लोगों को ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि गैर हिमाचली को इसके संचालन की अनुमति नहीं होगी। विक्रमादित्य ने कहा कि इस बारे में प्रदेश सरकार कानून बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने अपने रोहड़ू दौरे के दौरान कहा कि क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों को सरकार प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बढ़ियार से ढाक गांव सड़क का नवीनीकरण नाबार्ड के माध्यम से करवाया जाएगा।

युवक मंडल

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि शिमला जिले के जुब्बल के झगटान क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य 31 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कल नवयुवक मंडल झगटान द्वारा आयोजित शान ए नुनाड़ वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विधायक प्राथमिकता के आधार पर इस क्षेत्र की प्रमुख सड़क सावड़ा–मांदल–झगटान सड़क को 22 करोड़ जबकि 9 करोड़ की लागत से झगटान से कोठू गारली सड़क को पक्का किया जायेगा इसके टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गयी है। रोहित ठाकुर ने इस दौरान स्थानीय नवयुवक मण्डल को 50 हजार रुपये देने की और स्टेज निर्माण के लिए प्रथम चरण में 5 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

कांग्रेस बैठक

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से लोकसभा चुनावों में पार्टी की हार के कारणों व विश्लेषण के लिए गठित दो सदस्यीय समिति आज व कल विभिन्न सत्रों में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में पार्टी नेताओं के साथ मंथन करेगी। इस दौरान पूर्व सांसद पी एल पुनिया व सांसद रजनी पाटिल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित चुनाव समन्वय समिति के साथ बैठक भी करेंगे। इसके उपरांत समिति आज मण्डी और हमीरपुर जबकि कल 16 जुलाई को कांगड़ा और शिमला संसदीय क्षेत्र के लोकसभा के रहें पार्टी प्रत्याशियों, विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी, सहित मंत्रियों, सीपीएस, कांग्रेस विधायकों और सभी जिलाध्यक्षों के साथ चर्चा करेगी। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के अग्रणी संगठनों के राज्य प्रमुखों के साथ बैठके भी करेंगे।

सेब सीज़न

सेब सीजन अधिकारिक तौर पर आज से शुरू हो रहा है। सेब सीज़न को देखते हुए शिमला ज़िले के फागू और बलग में सेब नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कल फागू में स्थापित सेब नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और नियंत्रण कक्ष में मौजूद स्टाफ को ज़रूरी दिशा

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेब सीज़न के दौरान बागवानी, राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारी दिनरात नियंत्रण कक्ष में तैनात रहेंगे।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए ने घोषणा की है कि संयुक्ता विश्वुविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूइटी–यूजी के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 19 जुलाई को कंप्यूटर आधारित होगी। प्रभावित विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक है। जल्द ही एडमिट कार्ड जारी कर दिये जाएंगे। एन टी ए ने कहा कि इसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **बिलासपुर में बनेगा पर्यटन परिसर, स्पा, जिम स्वीमिंग पूल समेत होंगी कई सुविधाएं। दैनिक भास्कर** का शीर्षक है **औहर में 33 करोड़ 75 लाख से बनेगा पर्यटक परिसर, सीएम सुक्खू ने किया शिलान्यास।**

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **हिमाचल में रद्द किए जाएंगे सभी विवादित टेंडर। दैनिक सवेरा टाइम्स** ने लिखा है **जनता ने ऑप्रेशनल लोटस को विफल कर भाजपा को दिया करारा जवाब। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **हार से सबक ले भाजपा व निभाए जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका।**

दिव्य हिमाचल के अनुसार **श्रीखंड महादेव यात्रा का भव्य आगाज। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **ऐतिहासिक श्रीखंड यात्रा शुरू, पहले दिन 700 श्रद्धालु रवाना। दैनिक जागरण** ने लिखा है **कठिनतम श्रीखंड महादेव यात्रा शुरू, उपायुक्त कुल्लू ने पूजा–अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर किया जत्था किया रवाना।**

मौसम की खबर को **आपका फैसला** ने शीर्षक दिया है **हिमाचल में कमजोर पड़ा मानसून, बारिश नहीं होने से बढ़ी उमस। दैनिक जागरण** के शब्द हैं **वर्षा न होने से सूखने लगी फसलें, रूठा मानसून।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **शिमला–मंडी–पंडोह मार्ग पर पकड़ी 106 अवैध प्राइवेट वोल्वो**